प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## टीबी उन्मूलन अभियान

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा देशभर में तपेदिक यानि टीबी के मामलों से निपटने के लिए आज पंचकूला से 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह अभियान देश के 33 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में दिल्ली तपेदिक रोगी सम्मेलन में देश को टीबी–मुक्त करने का संकल्प लिया था। इस अभियान में टीबी के मामलों का पता लगाने, उपचार में देरी को कम करने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में उपचार के परिणामों में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला से इस सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ करेंगे।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत के सशस्त्र बलों के सैनिकों को सम्मानित करने व भारतीय सेना के जवानों का आभार प्रकट करते हुए सेना के लिए धनराशि एकत्र करना है। सन 1949 से 7 दिसंबर को देशभर में ये दिन मनाया जाता है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर लोगों से अधिक से अधिक दान करने की अपील की है ताकि ये राशि सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण कार्यों में प्रयोग की जा सके।

## सुनवाई

संजौली मस्जिद विवाद मामले पर आज नगर निगम आयुक्त कोर्ट चक्कर में सुनवाई होगी। कोर्ट में मस्जिद के शेष बचे 2 फ्लोर की वैधता को लेकर मामला निगम कोर्ट में चल रहा है, ऐसे में आयुक्त कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने के लिए मुस्लिम पक्ष की ओर से जो याचिका अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायालय में की गई थी, उसके खारिज होने के बाद अब निगम शेष दो मंजिल को लेकर सुनवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश हाईकोर्ट ने आयुक्त कोर्ट को मस्जिद की निचली दो मंजिलों पर निर्णय के लिए 20 दिसम्बर तक का समय दिया है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में कल शिमला में जलविद्युत क्षेत्र के विकास के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान समिति ने लंबित जलविद्युत परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में प्रदेश में लघु जलविद्युत परियोजनाएं स्थापित करने व प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी करने और सामाजिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

विश्व बैंक के टीम लीडर बेकजोड ने शिमला में कल राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी से भेंट की। इस दौरान प्रदेश के बागवानों–किसानों के समक्ष पेश आ रही चुनौतियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में बागवानों को उच्च गुणवत्ता युक्त पौधे उपलब्ध करवाने, सिंचाई, परिवहन, विपणन और भंडारण की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, फसलों के बेहतर दाम व पुराने पौधों की जगह नए पौधे लगाने पर भी विशेष चर्चा की गई।

**सदभावना मैच**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू संयुक्त रूप से सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का आज शिमला में शुभारम्भ करेंगे। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बारे में समाज में जागरूकता उत्पन्न करना है। सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट में राज्यपाल–11, मुख्यमंत्री–11, मुख्य न्यायाधीश–11 और प्रेस–11 टीमों के बीच क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल होगा।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है । प्रदेश में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप जारी है। राजधानी शिमला सहित मैदानी इलाकों में शुष्क ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 10 दिसंबर तक प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से .........**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है **होमगार्डों को 180 दिन मातृत्व अवकाश–राज्य से बाहर तैनात पर 500 रूपए भत्ता।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **महिला होम गार्ड्स को मिलेगा 180 दिन का मातृत्व अवकाश।** दैनिक जागरण के शब्द हैं **गृह रक्षकों के भरे जाएंगे सात सौ पद।** हिमाचल दस्तक का कहना है **गृह रक्षकों को लेकर सीएम सुक्खू के बड़े ऐलान।**

दैनिक सवेरा टाइम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है **प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की के आटे को हिमभोग ब्रांड से बाजार में उतारेंगे।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **हिमाचल भवन नई दिल्ली को कुर्क होने से रोकने के लिए सरकार ने ब्याज सहित जमा करवाए 64 करोड़।**

दैनिक जागरण की एक अन्य खबर है **हिमाचल की दो पंचायतों को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार।**

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है **बर्फबारी से पहले ही पड़ने लगी हाड कंपा देने वाली ठंड–प्रदेश के 7 शहरों में रात का पारा माइनस में।**

...............